भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न संख्या: 71
गुरुवार, 04 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण,1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान योजना के तहत चियांकी विमानपत्तन

***71. श्री विष्णु दयाल राम:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस)–उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) के अंतर्गत झारखंड के पलामू जिले में चियांकी विमानपत्तन के विकास और प्रचालन की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) क्या सरकार ने भूमि अधिग्रहण और स्वीकृति से जुड़े संबंधित मुद्दों का समाधान करने के लिए राज्य सरकार के साथ सहयोग किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या निर्माण और अवसंरचना विकास के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम निकले हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू)

(क) से (ग): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"उड़ान योजना के तहत चियांकी विमानपत्तन" के संबंध में श्री विष्णु दयाल राम द्वारा पूछे गए दिनांक 4 दिसंबर, 2025 के लोक सभा मौखिक प्रश्न संख्या 71 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) से (ग): आरसीएस उड़ान प्रचालन के लिए, झारखंड राज्य सरकार के स्वामित्व में पलामू जिले के चियांकी गाँव के नजदीक स्थित डाल्टनगंज हवाईपट्टी की पहचान उडान योजना की 4.2 दौर की बोली प्रक्रिया के तहत की गई थी।

हवाईअड्डे के विकास के लिए राज्य सरकार से अपनी सहमति और नि:शुल्क तथा सभी बाधाओं से मुक्त भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। इसके बाद, राज्य सरकार से पुन: हवाईअड्डे की स्थिति बताने और भूमि उपलब्धता, सुरक्षा प्रावधान, अग्निशमन सेवाओं, मौसम विज्ञान सेवाओं और हवाईअड्डा प्रचालनों का संचालन और प्रबंधन के विषय में अपनी सहमति/पुष्टि प्रदान करने का अनुरोध किया गया था।

इस संबंध में झारखंड सरकार से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है।

******